Target for Tourists Arrival

3116. SHRI AHMED MOHMEDBHAI PATEL: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government have made efforts to achieve a target of 2.2 million tourists this year;

(b) if so, whether incentive schemes and various other measures have been undertaken by the Air India and Indian Airlines in collaboration with the India Tourism Development Corporation; and

(c) if so, what are the concrete schemes prepared and by what time they are likely to be implemented?-

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Several incentive schemes have been launched by Air India, Indian Airlines and the India Tourism Development Corporation for attracting foreign tourists to the country. These include Super Summer Saver package jointly operated by Air India and hotel chains, special incentive for first class and executive class passengers operated by Air India and Indian Airlines, Treat on Me Scheme operated by Air India, Family Pun packages, Senior Citizens packages, Honey Mooner's Haven packages and Cool Mountain Tours covering Mussoorie and Nainital operated by the India Tourism Development Corporation etc.

एयर इंडिया की उड़ानों का रद्द किया जाना

3117. श्री अजीत जोगी: क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने अति विशिष्ट व्यक्तियों की यात्राओं के लिए एयर इंडिया की उड़ान सेवाएं रद्द किये जाने के कारण एयर इंडिया को यातायात संबंधी हुई क्षति के संबंध में कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस क्षति को कम करने के लिए क्या उपाय किये गये हैं/किये जाने की संभावना है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) से (ग) अतिविशिष्ट व्यक्तियों के लिए उड़ानों के कारण यातायात की हानि का सामान्य आकलन करना कठिन है क्योंकि हर मामले में प्रयुक्त विमान का प्रकार, दौरे की अवधि आदि समान नहीं होते। तथापि, स्थिति की अपरिहार्यताओं और अतिविशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यातायात की हानि को न्यूनतम रखने की हर कोशिश की जाती है।

एयर इंडिया की वायुदूत के साथ इक्विटी

3118. श्री अजीत जोगी:
श्रीमती वीणा वर्मा:

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एक पृथक निगमित निकाय गठित करने का निर्णय लिया गया है जिसमें एयर इंडिया की वायुदूत के साथ उसकी सहायक कम्पनी के रूप में 100 प्रतिशत इक्विटी होगी;

(ख) यदि हां, तो इसकी प्रमुख विशेषताएं क्या होंगी;

(ग) क्या वेतन संरचना, प्रतीक चिन्ह तथा वायुदूत विमान के रंग के बारे में कोई निर्णय लिया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या यह नया निर्यात निकाय, वायुदूत सेवा आरंभ होने से लेकर अब तक हुए संचित घाटे की भरपाई करेगा; और

(च) यदि नहीं, तो इन घाटों का किस प्रकार से निपटान करने का प्रस्ताव है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) जी, नहीं। यह निर्णय लिया गया है कि वायुदूत को इंडियन एयरलाइन्स में मिला दिया जाना चाहिए। विलय के लिए कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने तक, वायुदूत इंडियन एयरलाइन्स के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी बन गई है।

(ख) से (च) ये प्रश्न नहीं उठते।

भागलपुर को वायुदूत सेवाओं से जोड़ना

3119. श्री जनार्दन यादव: क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार भागलपुर जिले को वायुदूत सेवा से जोड़ने का विचार रखती है;